# मध्यप्रदेश विधान सभा सचिवालय

**(इंदिरा गांधी विधान भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल-462004)**

**क्रमांक** 20776**/वि.स./प्रश्न/2025** **भोपाल, दिनांक** 23 **सितम्बर, 2025**

**प्रेषक :-**

**नरेन्द्र कुमार मिश्रा,**
अवर सचिव

**प्रेषिती :-**

**समस्त प्रश्नकर्ता माननीय सदस्य,**

**विषय :-** **जुलाई-अगस्त, 2025 सत्र की स्थगित बैठकों के प्रश्नोत्तरों का प्रदाय।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयांतर्गत आदेशानुसार निवेदन है कि म.प्र. विधान सभा के जुलाई-अगस्त, 2025 सत्र की स्थगित बैठकें दिनांक 07.08.2025 एवं 08.08.2025 में आपके द्वारा पूछे गये प्रश्नोत्तर एवं उनके संलग्न परिशिष्ट आपकी **ऑफिशियल ई-मेल आई.डी.** पर प्रेषित किये जा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि निर्धारित समयावधि के पूर्व सदन की बैठकें स्थगित होने से विषयांकित प्रश्नोत्तर सदन के पटल पर प्रस्तुत नहीं होने के कारण सदन की कार्यवाही का अंग नहीं बने हैं। मध्यप्रदेश विधान सभा अध्यक्ष के स्थायी आदेश 13-क के प्रथम परंतुक के प्रावधान के परिप्रेक्ष्य में *प्रश्नोत्तर आपकी ओर इस अनुरोध के साथ भेजे जा रहे हैं कि आगामी सत्र में सदन के पटल पर रखे जाने तक इस जानकारी को सार्वजनिक नहीं करने का उत्तरदायित्व आपका होगा।* प्रश्नों के उत्तर में उल्लेखित पुस्तकालय परिशिष्ट प्रश्न शाखा में व्यक्तिशः उपस्थित होकर अथवा अपने अधिकृत पत्र वाहक के माध्यम से प्राप्त कर सकेंगे।

**भ व दी य,**

**अवर सचिव**
**म.प्र. विधानसभा सचिवालय**
**दू.क्र. 0755-2523028**